# एआई बुलबुला फूटा

लिथियम–आयन बैटरियों और सोलर पैनल का आविष्कार अमेरिका में हुआ, लेकिन उनमें कारोबारी दौड़ चीन ने जीती। हाई–टेक चमत्कार को उसने सस्ते माल में बदल दिया, जिससे पश्चिमी कंपनियां होड़ से बाहर हो गईं। चीन यही नजरिया एआई क्षेत्र में अपना रहा है। एआई इम्पैक्ट समिट की शुरुआत से ठीक पहले चीन की कंपनी बाइटडांस ने वीडियो बनाने में सक्षम नया ओपन सोर्स एआई मॉडल लॉन्च किया, जिससे डीपसीक से मिलती–जुलती सनसनी दुनिया में फैली। सीडडांस 2.0 नाम का ये मॉडल टेक्स्ट, तस्वीर, ऑडियो और वीडियो की एक साथ प्रोसेसिंग में सक्षम बताया गया है। इससे फिल्म निर्माण, ई–कॉमर्स, और विज्ञापन संबंधी उत्पादों को डिजाइन करना सस्ता हो जाएगा। इस घटनाक्रम ने अमेरिका में एआई सेक्टर में हो रहे विशाल निवेश की उपयोगिता पर फिर बहस खड़ी की है। अमेरिकी मॉडल आविष्कार को बौद्धिक संपदा में तब्दील कर मुनाफा कमाने के नजरिए पर केंद्रित है।इसीलिए वहां इस क्षेत्र में अभूतपूर्व निवेश किया गया है, जिसे अनेक अर्थशास्त्री एआई बुलबुला कहते हैं। वहां की कंपनियां इस सोच को लेकर अपना भविष्य दांव पर लगा रही हैं कि उच्च–गुणवत्ता वाला एआई हमेशा एक लग्जरी प्रोडक्ट रहेगा। मगर चीनी के ओपन–सोर्स डेवलपर्स दिखा रहे हैं कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता वास्तव में एक सामान्य वस्तु है। इस सिलसिले में ये उदाहरण दिया गया है कि लिथियम–आयन बैटरियों और सोलर पैनल का आविष्कार अमेरिका में हुआ, लेकिन उनमें कारोबार की दौड़ चीन ने जीती। ऐसा उसने बेहतर आविष्कार के जरिए नहीं किया, बल्कि विशाल पैमाने पर उत्पादन के जरिए बाजार में उसने अपने पांव फैला लिए। यानी हाई–टेक चमत्कार को सस्ते माल में बदल दिया, जिससे पश्चिमी प्रतिस्पर्धी कंपनियां होड़ से बाहर हो गईं। चीनी कंपनियां यही नजरिया एआई के मामले मे अपना रही हैं। मसलन, डीपसीक का रिजनर मॉडल लगभग 55 सेंट प्रति टोकन कीमत पर उपलब्ध है, तो वैसे में लगभग साढ़े पांच डॉलर में चैट जीपीटी के टोकन लेने में कितने लोगों की दिलचस्पी होगी? इसलिए एआई बुलबुले के फूटने की आशंकाएं गहराती चली जा रही हैं। पिछले महीने भारतीय संसद में पेश आर्थिक सर्वेक्षण में इस घटनाक्रम को लेकर चेतावनी दी गई थी। कहा गया कि अमेरिका में एआई बुलबुला फूटा, तो उसका बहुत खराब असर भारत जैसे देशों पर भी होगा। अभी जबकि नई दिल्ली में एआई समिट में तमाम तरह की बातें हो रही हैं, इस बुनियादी पहलू को याद रखना बेहद जरूरी है।

## भारत की पूरी अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी

एआई के नए टूल्स आने से ना सिर्फ भारतीय टेक क्षेत्र, बल्कि समग्र अर्थव्यवस्था पर आशंकाएं मंडरा रही हैं। गौरतलब है कि गुजरे तीन दशकों में भारत में टेक सेक्टर उपभोक्ता मध्य वर्ग निर्मित करने वाला प्रमुख कारोबार रहा है। जिस समय बड़ी टेक कंपनियों के शेयर भाव में गिरावट का सिलसिला थम नहीं रहा है, नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एवं सर्विस कंपनीज (नैसकॉम) की बैठक पर निगाहें टिकना लाजिमी है। दुनिया में तकनीक सेवादाता कंपनियों के शेयरों के भाव में गिरावट का सीधा कारण आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के नए टूल्स का सामने आना है। खासकर अमेरिकी कंपनी एंथ्रोपिक ने अपने क्लाउड ऐप पर ऐसी सेवाएं दी हैं, जिनसे राय बनी है कि वे वो काम करने में सक्षम हैं, जिनकी सेवाएं टीसीएस, इन्फोसिस, विप्रो आदि जैसी टेक कंपनियां देती रही हैं। इसलिए इस महीने ऐसी भारतीय कंपनियों के शेयरों के भाव रोजमर्री के स्तर पर गिरे हैं। भारतीय टेक शेयरों में गिरावट का बड़ा कारण विदेशी निवेशकों का इनसे पैसा निकालना है। इस घटनाक्रम से ना सिर्फ भारत के टेक क्षेत्र, बल्कि समग्र अर्थव्यवस्था पर आशंकाएं मंडरा रही हैं। भारत में टेक सेक्टर अर्थव्यवस्था का सिर्फ एक क्षेत्र भर नहीं है। बल्कि गुजरे तीन दशकों में यह उपभोक्ता मध्य वर्ग निर्मित करने वाला प्रमुख कारोबार रहा है। पिछले साल टेक कंपनियों में 58 लाख कर्मी कार्यरत थे। आयकर आंकड़ों के मुताबिक भारत में स्थायी वेतन से होने वाली कुल आय में टेक कर्मियों का हिस्सा साढ़े 25 प्रतिशत से अधिक रहा।

अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष

# उत्तराखण्ड की प्रेरणादायी महिलाएं: जिनकी गाथाएं समाज को देती है एक नई दिशा

डॉ० अनिल चंदोला
से.नि. अपर निदेशक सूचना, देहरादून।

देवभूमि उत्तराखंड की पहचान केवल हिमालय की ऊँची चोटियों, पवित्र नदियों और आध्यात्मिक धरोहरों से ही नहीं है, बल्कि यह भूमि उन वीरांगनाओं, समाज सुधारको साहित्यकारों, शिक्षाविदों और आंदोलनकारियों की भी रही है, जिन्होंने समय-समय पर साहस, त्याग और नेतृत्व का परिचय दिया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जानें उत्तराखंड की उन प्रेरणादायी महिलाओं के बारे में जिनकी गाथाएँ आज भी समाज को एक नई दिघा देती हैं। उत्तराखण्ड राज्य में महान विभूतियां हुई है, जो समाज के लिए आज भी प्रेरणादायक है। राज्य गठन के समय भी यहां की महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। देश की आजादी में भी इस देवभूमि की महिलाओं का सक्रिय योगदान रहा है। अन्तर्राष्टीय महिला दिवस के अवसर पर ऐसी ही महान विभूतियों के बारे में संक्षिप्त जानकारी देने का प्रयास इस लेख में किया जा रहा है।

**महान विभूतिया**

1. महारानी कर्णावती उपनाम नाक काटी रानी
2. तीलू रौतेली
3. ठगुली देवी उपनाम टिंचरी माई
4. गौरा देवी उपनाम चिपको वूमन
5. राधा बहन : नारायण आश्रम कोसानी में महिला शिक्षा
6. सरला बहन उर्फ मिस कैंथरीन हैलिमन स्वतंत्रता संग्राम सेनानी
7. बिसनी देवी शाह : स्वतंत्रता संग्राम में जेल जाने वाली उत्तराखंड की पहली महिला बागेश्वर की रहने वाली
8. आयरन पन्त : पाकिस्तान के प्रथम प्रधानमन्त्री लियाकत अली खान की पत्नी व बाद में 1954 में नीदरलैंड में पाकिस्तान की राजदूत पाकिस्तान में गवर्नर व राजदूत बनने वाली पहली महिला बनी जीने वूमेन अश्रफ पाकिस्तान भी कहा जाता हैं संयुक्त संघ ने मानवाधिकारों के लिए सम्मानित किया 1965 में वूमन ऑफ वर्ल्ड का खिताब भी मिला
9. हंसा मनराल : द्रोणाचार्य पुरुस्कार से सम्मानित पहली महिला
10. प्रोफेसर सुशीला डोभाल : पहली महिला कुलपति 1977 व 84-85 में बनी गढ़वाल विश्वविद्यालय की
11. सुभाशिनी बड़थ्वाल : उत्तराखंड आन्दोलन में सीबीआई जाँच झेलने वाली एकमात्र महिला इन पर 02 सितम्बर 1994 को मसूरी गोलीकांड में पुलिस ने सीओ उमाकांत त्रिपाठी की हत्या का झूठा आरोप लगाया था
12. गौरा पन्त "शिवानी" : साहित्यकार व पद्मश्री
13. कमलेन्दूवती धाह : महारानी टिहरी , सांसद व समाज सेवा में पद्मभूषण 1958
14. मृणाल पाण्डेय : पत्रकार व गौरा पन्त "शिवानी" की पुत्री
15. बेलमती चौहान - 02 सितम्बर 1994 को मसूरी में खटीमा गोलीकांड से आक्रोशित आन्दोलनकारियों पर पुलिस की गोली से शहीद होने वाली महिला आन्दोलनकारी
16. हंसा धनई : 02 सितम्बर 1994 को मसूरी में खटीमा गोलीकांड से आक्रोशित आन्दोलनकारियों पर पुलिस की गोली से शहीद होने वाली महिला आन्दोलनकारी गढ़वाल

की वीरता का प्रतीक नाम है महारानी कर्णावती। 17वी धाताब्दी में जब मुगल सेना ने गढ़वाल पर आक्रमण किया, तब महारानी कर्णावती ने असाधारण साहस और रणनीति का परिचय दिया। उन्होंने शत्रुओं को परास्त कर बंदी बनाए गए सैनिकों की नाक कटवाकर वापस भेजा। इसी ऐतिहासिक घटना के कारण उन्हें "नाक काटी रानी"



के नाम से जाना गया। उनका नेतृत्व न केवल राजनीतिक सूझबूझ का उदाहरण था, बल्कि यह उत्तराखंड की अस्मिता और स्वाभिमान का प्रतीक भी बना। वीरता की इसी परपंरा को आगे बढ़ाया तीलू रौतेली ने। किशोरावस्था में ही उन्होंने अपने पिता और भाइयों की शहादत के बाद शस्त्र उठाया और कई युद्धों में विजय प्राप्त की। मात्र 15 वर्ष की आयु में रणभूमि में उतरने वाली तीलू रौतेली आज भी साहस की मिसाल मानी जाती हैं। उत्तराखंड सरकार द्वारा उनके नाम पर 'तीलू रौतेली पुरस्कार' दिया जाना उनके योगदान की स्वीकारोक्ति है। सामाजिक चेतना और जनजागरण की बात हो तो ठगुली देवी, जिन्हें टिंचरी माई के नाम से जाना जाता है, का नाम विघोशा रूप से उल्लखे नीय है। उन्होंने पहाड़ में शराबबंदी आंदोलन का नेतृत्व कर ग्रामीण महिलाओं को संगठित किया।

सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ उनका संघर्षो से महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर सिद्व हुआ। पर्यावरण संरक्षण की वैधिवक पहचान बने चिपको आंदोलन का चेहरा थीं गौरा देवी। 1970 के दशक में जब वन कटान का खतरा बढ़ा, तब उन्होंने ग्रामीण महिलाओं के साथ पेड़ों से चिपककर जंगलों की रक्षा की। उनका यह कदम केवल पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक नही था, बल्कि यह महिलाओं की सामूहिक शक्ति का भी परिचायक बना। चिपको आंदोलन ने विश्वभर में पर्यावरणीय आंदोलनों को प्रेरित किया। महिला शिक्षा और ग्रामोदय के क्षेत्र में राधा बहन का योगदान अविस्मरणीय है। कौसानी स्थित नारायण आश्रम से जुड़कर उन्होंने पहाड़ की महिलाओं को शिक्षा और आत्मनिर्भरता की राह दिखाई। शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बनाकर उन्होंने ग्रामीण समाज में नई चेतना का संचार किया। स्वतंत्रता संग्राम में भी उत्तराखंड की महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण रही। ब्रिटिश मूल की कैंथरीन हैलिमन, जिन्हें सरला बहन के नाम से जाना गया ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भागीदारी की। उन्होंने महिलाओं में जागरूकता और स्वावलंबन की भावना जगाई। इसी क्रम मे बागेश्वर की बिसनी देवी शाह स्वतत्रंता संग्राम में जेल जाने वाली उत्तराखंड की पहली महिला बनी। उनका साहस प्रदेश के स्वतंत्रता इतिहास मे स्वर्णाक्षरों में अंकित है।

कुमाऊँ मूल की बेगम राणा लियाकत अली खान, जिन्हें "आयरन पंत" भी कहा गया, अंतरराष्टीय स्तर पर प्रतिष्ठित रहीं। वे पाकिस्तान की पहली महिला गवर्नर और राजदूत बनीं। संयुक्त राष्ट्र संघ ने उन्हें मानवाधिकारों के क्षेत्र में सम्मानित किया तथा "वूमन ऑफ पाकिस्तान" और "वूमन ऑफ वर्ल्ड जैसे खिताबों से नवाजा गया।
उनका जीवन इस बात का उदाहरण है कि उत्तराखंड की बेटियाँ मंच पर भी अपनी पहचान स्थापित कर सकती हैं।
खेल जगत में हंसा मनराल ने द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्त कर इतिहास रचा। वे उत्तराखंड की पहली महिला थी जिन्हें इस प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया। उनके मार्ग दर्शन में अनेक खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियाँ हासिल की।
शिक्षा प्रशासन में प्रोफेसर सुशीला डोभाल का योगदान उल्लेखनीय है। वे गढ़वाल विश्वविद्यालय की पहली महिला कुलपति बनी। उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक और प्रशासनिक क्षेत्रों में नई ऊँचाइयाँ प्राप्त की। शिक्षा जगत में उनकी भूमिका प्रेरणास्रोत बनी हुई है।
उत्तराखंड राज्य आंदोलन के संघर्षपूर्ण इतिहास में सुभाशिनी बड़थ्वाल का नाम विघोशा रूप से उल्लेखनीय है। 02 सितंबर 1994 के मसूरी गोलीकांड प्रकरण में उन्हें सीबीआई जांच का सामना करना पड़ा और उन पर झूठे आरोप लगाए गए। बावजूद इसके उन्होंने आंदोलन की भावना को कमजोर नहीं होने दिया। यह घटना राज्य निर्माण के संघर्ष में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी का प्रमाण है। साहित्य जगत में गौरा पन्त शिवानी ने हिंदी साहित्य को समृद्व किया। उनके उपन्यास और कहानियाँ आज भी पाठकों के बीच लोकप्रिय हैं। उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया। उनकी पुत्री मृणाल पाण्डेय ने पत्रकारिता और साहित्य दोनों क्षेत्रों में पहचान बनाई। वे भारतीय मीडिया जगत की अग्रणी हस्तियों में गिनी जाती हैं। राजनीति और समाजसेवा में कमलेन्दुवती शाह का योगदान उल्लेखनीय रहा। टिहरी की महारानी और सांसद के रूप में उन्होंने समाजसेवा के क्षेत्र में कार्य किया और 1958 में पद्मभूषण से सम्मानित हुई। उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलन में महिलाओं का योगदान अविस्मरणीय है। 02 सितंबर 1994 के मसूरी गोलीकांड में बेलमती चौहान और हंसा धनई जैसी महिलाओं ने सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका बलिदान राज्य निर्माण की नींव में अंकित है और आने वाली पीढ़ियों को संघर्षो और साहस की प्रेरणा देता रहेगा। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस केवल उत्सव का अवसर नहीं है, बल्कि यह उन महिलाओं के संघर्षा, समर्पण और नेतृत्व को स्मरण करने का दिन है, जिन्होंने समाज को नई दिशा दी। उत्तराखंड की ये महिलाएँ हमें बताती हैं कि चाहे युद्वभूमि हो, पर्यावरण संरक्षण का आंदोलन, शिक्षा का क्षेत्र, साहित्य की दुनिया या राजनतिक मंच - हर जगह महिलाओं ने अपनी क्षमता और प्रतिबद्वता का प्रमाण दिया है। देवभूमि की ये देवियाँ आज भी समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उनका जीवन समाज को संदेश देता है कि साहस, शिक्षा, सामाजिक चेतना और आत्मविश्वास के बल पर कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं।

# विजय–रश्मिका की राणाबली का गाना ओ मेरे साजन हुआ रिलीज



विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना के प्रशंसकों के लिए दोहरी खुशी का मौका है। इस जोड़ी ने असल जिंदगी में शादी के बंधन में बंधकर अपने नए सफर की शुरुआत कर दी है। अब इस मौके पर उनकी आगामी फिल्म राणाबाली के निर्माताओं ने एक बड़ा सरप्राइज देते हुए फिल्म का रोमांटिक गाना ओ मेरे साजन रिलीज कर दिया है। वीडियो न केवल फिल्म का हिस्सा है, बल्कि विजय–रश्मिका के नए वैवाहिक जीवन के लिए एक खूबसूरत तोहफा भी है।

ओ मेरे साजन रश्मिका (जायम्मा) और विजय (राणाबाली) के किरदारों की शादी की तैयारियों से शुरू होता है। पारंपरिक शादी के लिबास में सजे विजय और रश्मिका की घर में भव्य एंट्री दिखाई गई है, जो बेहद राजसी लगती है। वीडियो में उनके वैवाहिक जीवन की छोटी–छोटी झलकियां और प्यार भरे पलों को खूबसूरती से पिरोया गया है। अंत में मैत्री मूवी मेकर्स ने रश्मिका और विजय को खुशहाल शादीशुदा जीवन की बधाई दी है।7 साल के लंबे इंतजार के बाद रश्मिका और विजय की पसंदीदा जोड़ी बड़े पर्दे पर वापसी कर रही है। दोनों ने आखिरी बार साल 2019 में आई ब्लॉकबस्टर फिल्म डियर कॉमरेड में एक साथ स्क्रीन शेयर की थी। इससे पहले 2018 में उनकी फिल्म गीता गोविंदम ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाया था। राणाबाली सितंबर 2026 में रिलीज होने वाली है, जिससे सामने आई रश्मिका और विजय की पहली झलक ने फैंस का उत्साह और बढ़ा दिया है। इस फिल्म का निर्देशन राहुल सांकृत्यान ने किया है. इसकी कहानी 19वीं सदी के भारत में घटी है और यह 1854 से 1878 के बीच हुई वास्तविक ऐतिहासिक घटनाओं से प्रेरित है.

# भारत को हराना बेहद मुश्किल, न्यूजीलैंड को चमत्कार करना होगा : डेल स्टेन



नई दिल्ली ,। भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को टी20 विश्व कप 2026 का फाइनल खेला जाना है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन का मानना है कि घरेलू परिस्थितियों में भारतीय टीम बेहद मजबूत है और जीत के लिए न्यूजीलैंड को चमत्कार करना होगा। एबी डी विलियर्स के यूट्यूब चैनल पर बातचीत करते हुए डेल स्टेन कहा कि भारतीय टीम अपने देश और अपनी कंडीशन में बहुत मजबूत है। उन्हें हराना बेहद मुश्किल काम है। न्यूजीलैंड को अगर जीत दर्ज करनी है, तो उन्हें चमत्कार करना होगा। स्टेन ने कहा कि न्यूजीलैंड एक अच्छी टीम है और बेहतरीन क्रिकेट खेल रही है। इसलिए वे चाहते हैं कि टीम जीते, लेकिन भारत के सामने न्यूजीलैंड का जीत पाना मुश्किल लगता है। पूर्व तेज गेंदबाज ने मजाकिया लहजे में कहा कि अगर न्यूजीलैंड भारतीय टीम के खिलाफ नहीं जीत पाई तो दक्षिण अफ्रीका पर लगा 'चोकर्सइ का टैग वह उसे दे देंगे। न्यूजीलैंड अब तक सात आईसीसी फाइनल खेल चुकी है और सिर्फ 2 बार ही जीत सका है, इसलिए भारत के खिलाफ फाइनल न जीत पाने की स्थिति में चोकर्स का टैग उन्हें दे दिया जाना चाहिए। एबी डी विलियर्स ने इस दौरान 2015 वनडे विश्व कप सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के हाथों दक्षिण अफ्रीका को मिली हार का भी जिक्रकिया। उन्होंने कहा कि उस हार का अब भी अफसोस है। ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में फाइनल में सिर्फ साउथ अफ्रीका ही हरा सकता था। न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के लिए नॉक आउट मैचों से आगे बढ़ पाना हमेशा से मुश्किल रहा है। इस बार भी न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। न्यूजीलैंड अब तक सिर्फ 2 आईसीसी ट्रॉफी (चैंपियंस ट्रॉफी और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप) जीती है। दोनों जीत उसे भारत के खिलाफ ही मिली है। टी20 विश्व कप इतिहास में भारत के खिलाफ न्यूजीलैंड का रिकॉर्ड शानदार है। अब तक खेले गए तीनों ही मैचों में न्यूजीलैंड जीती है। ऐसे में फाइनल में न्यूजीलैंड के प्रदर्शन पर नजर रहेगी।

# आलिया भट्ट ने लव एंड वॉर पर दिया अपडेट



अभिनेत्री आलिया भट्ट अपनी आगामी फिल्म लव एंड वॉर की शूटिंग में व्यस्त चल रही हैं। संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में रणबीर कपूर और विक्की कौशल भी मुख्य किरदारों में हैं। हाल ही में, एक कार्यक्रम के दौरान आलिया ने फिल्म को लेकर बात की और उससे जुड़ा एक अपडेट साझा किया। आलिया ने भंसाली संग करने के अनुभव पर भी बात की और इस सफर को जादुई बताते हुए आभार व्यक्त किया। आलिया ने मिलान फैशन वीक में अपनी उपस्थिति से खूब चर्चा बटोरी। इस दौरान अभिनेत्री ने अपनी वर्तमान की परियोजना के बारे में खुलासा किया। उन्होंने कहा, मैं फिलहाल लव एंड वॉर नाम की एक फिल्म पर काम कर रही हूं। इसका निर्देशन संजय लीला भंसाली कर रहे हैं। शूटिंग लगभग पूरी हो चुकी है। यह एक बेहद जादुई अनुभव रहा है। लव एंड वॉर बॉलीवुड की सबसे चर्चित आगामी परियोजनाओं में से एक है।भंसाली के साथ दोबारा जुड़ने पर आलिया ने कहा, संजय सर के साथ काम करना जीवन में एक बार मिलने वाला अनुभव है और मैं बहुत आभारी हूं कि मुझे यह मौका मिला।

## मालामाल वीकली 2 के साथ लौटेगी रितेश देशमुख

रितेश देशमुख, परेश रावल और राजपाल यादव की फिल्म मालामाल वीकली साल 2006 में रिलीज हुई थी। ताजा जानकारी में पता चला है कि इसकी दूसरी किस्त लाने की तैयारी चल रही है। जाहिर है कि हेरा फेरी, भागम भाग और खोसला का घोसला जैसी कल्ट फिल्मों का सीक्वल आने के लिए तैयार है। ऐसे में, 20 साल पहले आई मालामाल वीकली की दूसरी किस्त आना फैंस के लिए किसी बड़े तोहफे से कम साबित नहीं होगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, एक सूत्र ने जानकारी देते हुए बताया, मालामाल वीकली 2 के लिए बातचीत शुरू हो गई है। फिल्म पर काम कर रही टीम को एक बेहतरीन आइडिया मिला है जो इस फिल्म के दूसरे भाग के लिए बिल्कुल सही होगा। उन्होंने आगे बताया, यह सीधा सीक्वल नहीं है। इस बार किरदार और पृष्ठभूमि अलग होंगे, लेकिन पहले भाग की तरह ही, यह लालची ग्रामीणों के एक समूह के बारे में होगा।

# टी20 वर्ल्ड कप : गेंदबाजों की आएगी शामत, फाइनल मुकाबला हाई–स्कोरिंग रहने की उम्मीद



अहमदाबाद , भारत और इंग्लैंड के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में रनों की बारिश देखने को मिली थी और कुल 499 रन बने थे।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रविवार को होने वाले टी20 विश्व कप का फाइनल में भी ऐसा ही मंजर देखने को मिल सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक फाइनल मुकाबले में स्कोर करीब 200 रन के आसपास रहने की संभावना है। शुरुआत में यह माना जा रहा था कि हरी घास वाली पिच तेज गेंदबाजों को मदद दे सकती है, लेकिन सेमीफाइनल में तस्वीर अलग ही नजर आई। गेंद बल्ले पर अच्छी तरह आई और बल्लेबाजों ने खुलकर रन बनाए। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण में जसप्रीत बुमराह ही ऐसे गेंदबाज रहे जिन्होंने अपनी सटीक लाइन–लेंथ और विविधता से लगातार दबाव बनाए रखा। बाकी गेंदबाजों को रन रोकने में काफी परेशानी हुई। वरुण चक्रवर्ती ने चार ओवर में 64 रन खर्च किए, जबकि अक्षर पटेल ने तीन ओवर में 35 रन दिए। रिपोर्ट के मुताबिक फाइनल मुकाबला सेंटर पिच पर खेला जाएगा, जिसमें लाल और काली मिट्टी का मिश्रण है। इस टूर्नामेंट में अब तक सेंटर पिच पर सिर्फ एक ही मैच खेला गया है। 9 फरवरी को हुए उस मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने कनाडा को 53 रन से हराया था। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 213 रन बनाए थे। भारत इस टूर्नामेंट में नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दो मैच खेल चुका है।

## एक नजर

### जनता की सहभागिता के बिना वनाग्नि पर नियंत्रण पाना असंभव

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : कालागढ़ टाइगर रिजर्व (केटीआर) वन प्रभाग की प्लेन रेंज की ओर से जयहरीखाल ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम गजवाड़ स्थित गुरु गोरखनाथ मंदिर परिसर में वनाग्नि रोकथाम पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। इस मौके पर प्लेन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी अमोल इष्टवाल ने स्थानीय जनता से वनाग्नि की घटनाओं को रोकने में वन विभाग को सहयोग प्रदान करने, वनाग्नि की घटना की सूचना तुरंत वन विभाग को देने व सावधानी बरतने की अपील की। गोष्ठी में श्री गुरु गोरखनाथ पर्यावरणीय संरक्षण एवं संवर्धन समिति के अध्यक्ष आरपी पंत ने कहा कि वनाग्नि की विभीषिका से बचाव के लिए जनजागरूकता जरूरी है। स्थानीय जनता की सहभागिता के बिना वनाग्नि पर नियंत्रण पाना असंभव है। मंदिर समिति के सचिव रमेश घिल्डियाल ने आश्वस्त किया कि वनाग्नि की घटना होने पर स्थानीय जनता द्वारा वन विभाग का पूरा सहयोग किया जाएगा। गोष्ठी का संचालन सतीश चंद्र शर्मा ने किया। इस मौके पर समिति के संरक्षक अशोक नेगी, डीआर बौंठियाल, प्रकाश हेमदान, सुनील नेगी, विजेंद्र सिंह रावत, राजेंद्र प्रसाद घिल्डियाल, प्रेम प्रकाश मंजेडा, हर्षवर्धन नौटियाल, कांता नेगी, अर्चना नेगी, शोभा देवी, शांत कुमार आदि मौजूद रहे।

### घर में लगी आग, सामान जलकर राख

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : भाबर के पदमपुर मोटाढाक स्थित एक मकान में शनिवार दोपहर आग लगने से घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। अग्निशमन कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस ने बताया कि कमरे में रखे दो बेड, कपड़े, कमरे की खिड़कियां, दरवाजे समेत अन्य सामान पूरी तरह से जल गया है।

उपनिरीक्षक सय्यदुल बहार ने बताया कि विवेक जदली पुत्र शिव प्रसाद पदमपुर मोटाढाक में अपने मामा राकेश बुड़ाकोटी के मकान की दूसरी मंजिल पर किराये पर रहते हैं। शनिवार को वह घर में पूजा स्थान पर दीया जलाकर किसी काम से चले गए थे। दोपहर करीब 12 बजे स्थानीय लोगों ने घर से धुआं निकलते देख विवेक को इसकी जानकारी फोन पर दी। साथ ही पुलिस को भी सूचना दी। सूचना पर तत्काल कोतवाली पुलिस और अग्निशमन कर्मी मौके पर पहुंचे। राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। करीब 45 मिनट की मशक्कत के बाद अग्निशमन कर्मियों ने आग पर काबू पाया।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर होगा कार्यक्रम

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : महानगर कांग्रेस की ओर से रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सिमलचौड़ स्थित एक बारातघर के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में समाज में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम में कोटद्वार नगर निगम की पूर्व महापौर हेमलता नेगी तथा पूर्व मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। यह जानकारी महानगर कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष संजय मित्तल ने दी।

### ग्रामीण स्वरोजगार अपनाकर आर्थिकी कर रहे मजबूत

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जनपद में पशुपालन विभाग की योजनाओं से ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिकी मजबूत होने लगी है।

काश्तकार बकरी, मुर्गी व गो पालन समेत अन्य योजनाओं से जुड़कर गांव की आर्थिकी को मजबूत कर रहे हैं। योजनाओं के माध्यम से ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर जहां रोजगार मिला है वहीं उनकी आय भी बढ़ी है। विभाग के मुताबिक गो पालन में 143, बकरी पालन में 262, महिला बकरी पालन योजना में 30, मुर्गी पालन में 120 काश्तकारों को लाभान्वित किया गया है। नंदी पालन में छः, जबकि गैर-सरकारी गो सदन में 18 और सरकारी गो सदन में तीन इकाइयां संचालित हो रही है। विभाग ने इस साल जिला योजना से 262 लाभार्थियों को बकरी पालन योजना का लाभ दिया, जिसमें लाभार्थी को 16 बकरियां उपलब्ध कराई गई। साथ ही महिला बकरी पालन योजना के तहत 30 विधवा महिलाओं को चार-चार बकरियां विभाग ने मुहैया कराई। काश्तकार घर गांव में ही मुर्गी व बकरी पालन कर आय को मजबूत कर रहे हैं। मुर्गी पालन योजना में 120 लाभार्थियों को तीन-तीन हजार मुर्गियां वितरित की गई हैं। काश्तकारों को बाजार की व्यवस्था के लिए सीमा सुरक्षा बल श्रीनगर को मुर्गियों की आपूर्ति की जाती है।

## आग से धधके डांगी गांव के जंगल



**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : विकासखंड कल्जीखाल के डांगी गांव के जंगल शनिवार दोपहर को आग से धधकने लगे। सिविल वन क्षेत्र में कई पेड़ पौधे आग की चपेट में आने से नष्ट हो गये है। ग्रामीणों ने वन विभाग से आग लगाने वालों पर कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीण जगमोहन डांगी ने बताया कि गांव के जंगलों में इन दिनों भेड़-बकरी चराने वाले पहुंच रहे हैं। बताया के दोहपर को लगी आग ने विकराल रूप ले लिया, जिससे गांव के सिविल वन क्षेत्र में कई पेड़ पौधे आग की चपेट में आ गए। उन्होंने वन विभाग से आग लगाने वालों पर कार्रवाई की मांग उठाई है। वहीं सिविल एवं सोयम वन प्रभाग पौड़ी के डीएफओ पवन नेगी ने बताया कि वनाग्नि की फिलहाल कोई घटना दर्ज नहीं हुई है। हालांकि फायर सीजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सिविल क्षेत्र में वनाग्नि नियंत्रण के लिए 34 क्रू-स्टेशन, सौ फायर वाचर और कंडोलिया में मास्टर कंट्रोल रूम बनाया गया है।

### अभिमुखीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों की जनपद स्तरीय अभिमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन डैफोडिल पब्लिक स्कूल में किया गया। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को सहानुभूति की नहीं बल्कि समान अनुभूति की आवश्यकता है। जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा अंशुल बिष्ट व बीईओ दुगड्डा वर्षा भारद्वाज ने संयुक्त रूप से कार्यशाला का उद्घाटन किया। कार्यशाला में डायट प्रवक्ता भारत भूषण परमार, शिव प्रसाद भारद्वाज, बाल विकास परियोजना अधिकारी दुगड्डा शिवाली, सहायक समाज कल्याण अधिकारी संजीव पाल, स्पेशल एजुकेटर संजय ने भी विचार रखे। जिला समन्वयक रीना रावत की देखरेख में आयोजित कार्यशाला में संयोजक/प्रधानाचार्य नूतन बिष्ट, उमा बुड़कोटी, किशोर बिडलिया, सुधीर अग्रवाल, दानवीर सिंह, राजेंद्र सिंह पाल, गरिमा रावत आदि का सहयोग रहा।

## एसडीएम ने कार्यदायी संस्था को थमाएं नोटिस

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : शहर के अलग-अलग वार्डों में पेयजल पाइप लाइन स्थापित करने के लिए खोदी गईं सड़कें दुरुस्त नहीं करने पर उपजिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर को नोटिस जारी किया है। पन्द्रह दिन के अंदर सड़कें दुरुस्त नहीं होने पर कार्रवाई की संस्तुति करने की चेतावनी दी है।

एसडीएम कार्यालय से शनिवार को उत्तराखंड अरबन सेक्टर डेवलपमेंट एजेंसी (यूयूएसडीए) के प्रोजेक्ट मैनेजर को नोटिस जारी किया गया है। स्पष्ट किया गया है कि गाड़ीघाट में निरीक्षण के दौरान उन्हें कई जगह सड़कें ध्वस्त मिलीं थीं। आमजन को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है। दूरभाष पर सात दिन के भीतर सड़क निर्माण कर लेने के आश्वासन के बावजूद स्थिति जस की तस है। कई क्षेत्रों में शुरुआत से अब तक सड़कें ध्वस्त पड़ी है। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि डीएम के निर्देशों की भी लगातार अनदेखी की जा रही है। एसडीएम ने 15 दिन के भीतर सड़कों का निर्माण कर पहले की स्थिति में लाने के निर्देश दिए। साथ ही कार्य पूर्ण नहीं करने पर कार्रवाई की संस्तुति डीएम से करने की चेतावनी दी है।

### कांग्रेस ने दी आंदोलन की चेतावनी

कांग्रेस नेता रंजना रावत ने कार्यदायी संस्था के ढुलमुल रवैये से आमजन को हो रही परेशानी के लिए सीधे तौर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की अनदेखी को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि शहरवासी पिछले कई महीनों से विकट समस्या से जूझ रहे हैं और विधायक एवं मेयर को कुछ नजर नहीं आ रहा। उन्होंने जनप्रतिनिधियों को दो टूक कहा कि जल्दी ही जनसमस्या से आमजन को निजात नहीं मिली, तो कांग्रेस इसके खिलाफ आंदोलनात्मक कदम उठाएगी।

### चिल्लरखाल मोटर मार्ग को लेकर धरना जारी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : भाबर के चिल्लरखाल में लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग निर्माण की मांग को लेकर चल रहा धरना-प्रदर्शन 176वें दिन भी जारी रहा। प्रदर्शनकारियों ने रविवार सुबह धरना स्थल पर ही महिला दिवस मनाने का निर्णय लिया।शनिवार को चिल्लरखाल बैरियर क्षेत्र में धरना स्थल पर हुई बैठक में महिला दिवस पर रविवार सुबह एक गोष्ठी का आयोजन करने पर सहमति बनी। प्रदर्शनकारियों ने राज्य गठन के 25 वर्ष बाद लालढांग-चिल्लरखाल मार्ग पर एलिवेटेड मोटर मार्ग निर्माण से कम पर बात नहीं होने का ऐलान किया। प्रदर्शन करने वालों में प्रवीण थापा, नरेश धस्माना, गणेश रावत, मोहन सिंह नेगी, मदन बिष्ट, मदन सिंह नेगी, उम्मेद भंडारी, रविंद्र सौंद, शांता देवी, दीपा, प्रेमा जलाल आदि शामिल रहे।

## केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने 1129.91 करोड़ की योजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इस अवसर पर 1129.91 करोड़ रुपए की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

1014.81 करोड़ की 22 योजनाओं का शिलान्यास और 115.10 करोड़ रुपये की 17 योजनाओं का लोकार्पण किया गया।

केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने 14 करोड़ की लागत से सहकारिता विभाग के अन्तर्गत मुख्यमंत्री घस्यारी कल्याण योजनान्तर्गत टी.एम.आर. प्लांट, 18.17 करोड़ की लागत से गृह (पुलिस) विभाग के अन्तर्गत जनपद देहरादून के पुलिस लाइन में निर्मित 46 आवासीय भवनों, 6.55 करोड़ की लागत से गृह (पुलिस) विभाग के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के पुलिस लाईन में निर्मित बहुउद्देशीय भवन एवं जनपद उत्तरकाशी में थाना धरासू के प्रशासनिक भवन, 5.48 करोड़ की लागत से गृह (पुलिस) विभाग के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल में थाना लक्ष्मणझूला, थाना लैंसडाउन एवं जनपद उत्तरकाशी में थाना धरासू के कुल 18 आवासीय भवनों, 5.40 करोड़ की लागत से गृह (पुलिस) विभाग के अन्तर्गत जनपद टिहरी गढवाल के पीटीसी नरेन्द्रनगर में निर्मित एकेडमिक ब्लॉक एवं राजपत्रित छात्रावास, 12.75 करोड़ की लागत से गृह (पुलिस) विभाग के अन्तर्गत जनपद नैनीताल में थाना चोरगलिया, काठगोदाम तथा जनपद टिहरी गढ़वाल में थाना कीर्तिनगर व मुनि की रेती में टाइप-2 के कुल 48 आवासों, 14.36 करोड़ की लागत से गृह (पुलिस) विभाग के अन्तर्गत जनपद देहरादून के आई0आर0बी0 द्वितीय में आर0टी0सी0 हेतु प्रशासनिक भवन एवं अवसंरचनात्मक कार्यों का लोकापर्ण। 6.98 करोड़ की लागत से गृह (पुलिस) विभाग के अन्तर्गत जनपद अल्मोड़ा में थाना रानीखेत व द्वाराहाट तथा जनपद बागेश्वर में थाना कपकोट में टाईप-2 के कुल 18 आवासीय भवनों, 7.16 करोड़ की लागत से गृह (पुलिस) विभाग के अन्तर्गत जनपद चम्पावत में थाना चम्पावत, टनकपुर व लोहाघाट में टाईप-2 के कुल 18 आवासीय भवनों, 9.16 करोड़ की लागत से गृह (कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा) विभाग के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार में जिला कारागार के आवासीय भवनों के निर्माण कार्य, 4.90 करोड़ की लागत से गृह (कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा) विभाग के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के जिला कारागार में 50 बन्दी क्षमता की हाई सिक्योरिटी बैरकों, 1.80 करोड़ की लागत से गृह (कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा) विभाग के अन्तर्गत जनपद देहरादून के जिला कारागार में वी0सी0 क्यूबिकल्स, 1.22 करोड़ की लागत से गृह (कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा) विभाग के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के जिला कारागार में वी.सी. क्यूबिकल्स, 1.22 करोड़ की लागत से गृह (कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा) विभाग के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के उप कारागार रूडकी में वी0सी0 क्यूबिकल्स के निर्माण कार्य, 0.84 करोड़ की लागत से गृह (कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा) विभाग के अन्तर्गत जनपद नैनीताल के उप कारागार, हल्द्वानी में वी.सी. क्यूबिकल्स, 2.63 करोड़ की लागत से गृह (होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा) विभाग के अन्तर्गत जनपद टिहरी गढ़वाल के जिला कमाण्डेन्ट, कार्यालय होमगार्ड्स के अनावासीय भवन, 2.48 करोड़ की लागत से गृह (होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा) विभाग के अन्तर्गत जनपद पिथौरागढ में जिला कमाण्डेन्ट, कार्यालय होमगार्ड्स के अनावासीय भवन का लोकार्पण किया।

### बीडीसी बैठक में नहरों की मरम्मत का मुद्दा उठाया

उत्तरकाशी। बीडीसी बैठक में बुनियादी मुद्दे छाए रहे। सदन में रोपाई से पहले नहरों की मरम्मत व लघु सिंचाई योजनाओं के लिए धन उपलब्ध कराने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। बैठक में संभावित टौंस वन डिवीजन को अपर यमुना वन प्रभाग में मर्ज किए जाने का कड़ा विरोध करते हुए सदन में विरोध प्रस्ताव भी पारित किया गया। पुरोला की बीडीसी बैठक प्रमुख निशिता शाह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सिंचाई विभाग की चर्चा के दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्य कंताड़ी रूकम सिंह और प्रधान यशवंत सिंह ने रोपाई से पहले नहरों की मरम्मत की मांग रखी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता सिंचाई पन्नी लाल ने बताया कि पूरे क्षेत्र की नहरों के मरम्मत एवं जीर्णोद्धार का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है, जिसके सापेक्ष लगभग तीन करोड़ रुपये स्वीकृत भी हो चुके हैं। रोपाई से पहले वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी।

## ग्राम पंचायत कांडा नाला में नेटवर्क न होने से लोग परेशान

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** रिखणीखाल ब्लॉक के अंतर्गत केटीआर से सटे ग्राम पंचायत कांडा नाला में एक बार फिर बीएसएनएल का मोबाइल नेटवर्क नहीं आ रहे है। नेटवर्क नहीं होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि ग्रामसभा क्षेत्र के गांव केटीआर से सटे हुए हैं। यहां हमेशा जंगली जानवरों का खतरा बना रहता है। कोई घटना घटती है, तो वे किसी को सूचना भी नहीं दे पाएंगे। ग्राम प्रधान विनीता ध्यानी ने बताया कि क्षेत्रीय ग्रामीणों को संचार सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए दो वर्ष पूर्व ग्राम पंचायत कांडा में बीएसएनएल का सब-टावर स्थापित किया गया था, लेकिन आए दिन नेटवर्क की दिक्कत होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण न तो अपने रिश्तेदारों से बात कर पा रहे हैं और न ही उन्हें ऑनलाइन सुविधाएं ही मिल पा रही है। पूर्व में भी नेटवर्क न आने पर उन्होंने अधिकारियों को सूचित किया था जिस पर बीएसएनएल के उच्चाधिकारियों के निर्देशन में टीम कुछ दिनों तक क्षेत्र में सक्रिय रही थी और टावरों की खराबी को दूर किया गया था, लेकिन फिर हालात जस के तस हो गए हैं। बताया कि इस बार भी उन्होंने इस संबध में बीएसएनएल के डीजीएम, एजीएम व जेटीओ को अवगत कराकर समस्या के शीघ्र निस्तारण की मांग की है।

## नूतन न्याय संहिता पर राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारंभ

**जयन्त प्रतिनिधि।**



देहरादून : गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को बैरागी कैम्प में उत्तराखंड सरकार द्वारा नूनत न्याय संहिताह्व विषय पर आयोजित राज्यस्तरीय प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। यह प्रदर्शनी भारत सरकार द्वारा लागू किए गए भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को ही हरिद्वार के बैरागी कैम्प में उत्तराखंड सरकार की विकास परख उपलब्धियों पर आधारित विकास प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। केंद्रीय गृह मंत्री ने अलग-अलग स्टॉल पर जाकर विकास प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। यह प्रदर्शनी उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा बीते चार वर्षों में किए गए विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों पर आधारित है। इसमें बुनियादी ढाँचे का विकास, सड़क एवं संपर्क मार्गों का सुदृढ़ीकरण, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, शिक्षा क्षेत्र में सुधार, निवेश प्रोत्साहन, पर्यटन विकास, धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण तथा सीमांत क्षेत्रों के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों को प्रमुखता से दर्शाया गया है। इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा लिए गए कई महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक निर्णयों को भी प्रदर्शनी में स्थान दिया गया है।

### कर्मचारियों को किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : गढ़वाल राइफल्स के कमाडेंट ब्रिगेडियर विनोद नेगी ने शनिवार को कोटद्वार स्थित ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक पहुंचकर वर्ग ख में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर पालीक्लीनिक के कर्मचारियों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया।

पूर्व सैनिक संघर्ष समिति अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह रावत ने बताया कि इस दौरान उन्होंने कैंटीन परिसर का निरीक्षण किया।

उन्होंने पूर्व सैनिकों से बातचीत के दौरान उनकी समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया। बताया कि उनके इस दौरे ने पूर्व सैनिकों में उनकी समस्याओं के समाधान की आस जगाई। इस अवसर पर पालीक्लीनिक के समस्त कर्मचारी व पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

## टिहरी लेक फेस्टिवलः पर्यटन के मेले में हरित छाया

### हर बड़े आयोजन के साथ पर्यावरण थीम जोड़ रही सरकार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : पर्यटन के मेले में पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रभावी ढंग से गूंज रहा है। राष्ट्रीय खेलों की ही तरह इस आयोजन की थीम के साथ भी पर्यावरण को जोड़ा गया है। ऐसा पहली बार हुआ है, जबकि टिहरी लेक फेस्टिवल के साथ पर्यावरण का संदेश भी आगे बढ़ रहा है।

इस फेस्टिवल का इस बार जो पूरा नाम उभरकर सामने आया है, वो हिमालयन ओ टू टिहरी लेक फेस्टिवल है। इस फेस्टिवल के नाम के साथ हिमालयन ओटू जोड़ दिए जाने के बाद पर्यावरण की चर्चा भी हो रही है। टिहरी डीएम नितिका खंडेलवाल के अनुसार इस आयोजन की रूपरेखा तैयार करते वक्त यह विचार सामने आया कि पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी फैले। इसी क्रम में इसके नाम के साथ हिमालय ओ टू को भी जोड़ दिया गया। दरअसल, राज्य सरकार अपने हर बड़े आयोजन के साथ पर्यावरण के संदेश को अनिवार्य रूप से जोड़ कर आगे बढ़ रही है। वर्ष 2025 में हुए राष्ट्रीय खेलों की थीम पर्यावरण पर आधारित रही थी। देश भर में राज्य सरकार की इस पहल की काफी चर्चा हुई थी, जिसमें हरित वन स्थापित करने से लेकर खिलाड़ियों को दिए जाने वाले मेडल और अन्य गतिविधियों में पर्यावरण संरक्षण का खास ख्याल रखा गया था। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पर्यावरण को लेकर देश-दुनिया में जो चिंता है, उसमें जरूरी है कि हम जागरुकता पर लगातार काम करें। उत्तराखंड से सभी की बहुत ज्यादा अपेक्षाएं हैं। राज्य सरकार भी इस संबंध में अपनी जिम्मेदारी को महसूस करती है। इसलिए बड़े आयोजनों के साथ पर्यावरण की थीम को जोड़ा जा रहा है।

### उत्तराखंड ग्रामीण बैंक ने पांच महिला उद्यमियों को किया सम्मानित

उत्तरकाशी। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर उत्तराखंड ग्रामीण बैंक की शाखा उत्तरकाशी ने महिला के साथ एक कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें बैंक के कर्मचारियों ने विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही प्रमुख महिला उद्यमियों ने प्रतिभाग किया। साथ ही पांच महिला उद्यमियों को सम्मानित किया। जिला मुख्यालय पर उत्तराखंड ग्रामीण बैंक की शाखा आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य प्रबंधक सुधीर तिवारी और शाखा प्रबंधक कुलभूषण सिंह ने किया। उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर देते हुए बैंक की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड ग्रामीण बैंक महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

### सत्यापन न होने पर ठेकेदार का काटा 10 हजार रुपये का चालान

रुद्रप्रयाग(। जनपद में बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन को लेकर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन क्रैकडाउन के तहत अब तक 1828 बाहरी लोगों का सत्यापन किया जा चुका है। शनिवार को पुलिस उपाधीक्षक विकास पुंडीर ने जवाड़ी और झिरमोली क्षेत्र में निर्माण स्थलों का निरीक्षण कर मजदूरों के सत्यापन की जांच की। वहीं निरीक्षण के दौरान कुछ मजदूरों का सत्यापन न होने पर संबंधित ठेकेदार का उत्तराखंड पुलिस अधिनियम के तहत 10 हजार रुपये का चालान किया गया। पुलिस के अनुसार सत्यापित व्यक्तियों का विवरण थानों में रजिस्टर और डिजिटल रूप में दर्ज किया जा रहा है।

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पोस्ट ऑफिस मलेठी वाया सतपुली गढ़वाल में ग्रामीण डाक जीवन बीमा के पालिसी नं0-R-UA-EA-367893 में मेरा नाम कल्पेश्वरी देवी दर्ज है, जबकि आधार कार्ड नंबर- 8238 5823 6060 तथा पैन कार्ड नं0- DLOPK0068Q में मेरा नाम कलावती दर्ज है। कलावती देवी तथा कलावती दोनों एक ही महिला याने मेरे ही नाम है। अतः मेरा नाम कलावती ही पढ़ा, लिखा, माना व जाना जाय।

**कलावती पत्नी महेन्द्र निवासी के-89, विजय विहार, फेस 2 अवन्तिका, उत्तरी पश्चिमी दिल्ली 110085 हाल निवासी ग्राम मलेठी पोस्ट मलेठी, तहसील सतपुली, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(1589/21)

## ट्रेंचिंग ग्राउंड कूड़ा प्रबंधन की जगह बन रहा अपशिष्ट सृजन का केंद्र



रुद्रप्रयाग। तिलवाड़ा-चोपता-बावई मोटर मार्ग पर नगर पंचायत तिलवाड़ा का कूड़ा ट्रेंचिंग ग्राउंड कूड़ा प्रबंधन की जगह कूड़ा सृजन का केंद्र बनता जा रहा है। ट्रंचिंग ग्राउंड की बदहाल स्थिति के कारण यहां रखे जाने वाले कूड़े पर गिद्धों, बंदरों व जंगली जानवरों के झुंड मंडरा रहे हैं।

ऐसे में न सिर्फ जंगली जानवरों का आकर्षण इस ट्रेचिंग ग्राउंड की तरफ बढ़ गया है, वहीं आसपास के लोगों को जंगली जानवरों का डर भी सता रहा है। हालत ऐसे हैं कि जिस स्थान को कूड़ा प्रबंधन का केंद्र होना था वह खुद प्रदूषण का केंद्र बनता जा रहा है। वहीं इसके जर्जर हालात नगर पंचायत की कूड़ा प्रबंधन नीति पर भी सवालिया निशान खड़े कर रहा है। इधर, इन्हीं गंभीर हालातों के कारण अब स्थानीय लोग भी नाराजगी व्यक्त कर इसका विरोध करने लगे हैं। अगस्त्य ऋषि पंचकोटी मंदिर समिति के अध्यक्ष शक्ति सिंह बर्तवाल ने इसे सरासर गलत करार देते हुए कूड़े के वैज्ञानिक निस्तारण की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि जंगल क्षेत्र में खुले रूप में कूड़ा फेंकना पर्यावरण और जनसुरक्षा दोनों के लिए घातक है। कूड़े की वजह से बंदर, भालू और गुलदार जैसे जंगली जानवर आबादी की ओर आकर्षित हो रहे हैं, जिससे मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं बढ़ रही हैं। उदय प्रताप सिंह बर्तवाल, मयंक व अन्य स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल प्रभाव से कूड़ा हटाकर उचित निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

## किसानों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाएं : डीएम

उत्तरकाशी। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने जिला सहकारी विकास समिति की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने सहकारिता के माध्यम से किसानों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। साथ ही मिलेट मिशन योजना के तहत स्थानीय मोटे अनाजों के उत्पादन और विपणन को बढ़ावा देने और इसमें सुधार लाने के लिए जरूरी कार्य करने के निर्देश दिए। कलक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान जिला सहायक निबंधक सहकारी समितियों की ओर से संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि जनपद में वर्तमान में 36 बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समितियां सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं, जबकि विभाग द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए 42 नई समितियों का गठन किया गया है। सहकारिता के माध्यम से किसानों की आर्थिक उन्नति सुनिश्चित करने को दीनदयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना के तहत कुल 6004 लाभार्थियों को 5305.89 लाख का ऋण वितरित किया गया है। इसमें 4954 लाभार्थियों को 4557.48 लाख का अल्पकालीन ऋण, 1025 लाभार्थियों को 659.57 लाख का मध्यकालीन ऋण और 25 स्वयं सहायता समूहों को 88.84 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। बैठक में डीएम ने मुख्यमंत्री घस्यारी कल्याण योजना और मिलेट मिशन योजना की प्रगति की भी जानकारी ली। एआर सहकारिता प्रियंका घनसेला ने बताया कि मुख्यमंत्री घस्यारी कल्याण योजना के अंतर्गत 16 समितियों के माध्यम से 2798 लाभार्थियों को 5067.40 क्विंटल साइलेज वितरित किया गया और मिलेट मिशन योजना के तहत इस वर्ष 12 समितियों को मिलेट क्रय केंद्र के रूप में स्थापित किया गया, जिनके माध्यम से अब तक 3491.24 क्विंटल मंडुवा की खरीद की जा चुकी है।

### यमुनोत्री हेलिपैड पर हेली सेवा शुरू कराने की मांग

उत्तरकाशी। यमुनोत्री धाम के विकास के नाम पर भले ही भारी भरकम बजट खर्च किया जा रहा हो लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग नजर आ रही है। यमुनोत्री में गरुड़ गंगा के समीप करीब 60 लाख रुपये की लागत से बना हेलिपैड पिछले एक साल से अधूरा पड़ा है और अब तक भी हेली सेवाओं का संचालन शुरू नहीं हो पाया है।मानकों के अनुरूप न होने के बावजूद पिछले वर्ष मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का हेलिकॉप्टर एक दिन यहां उतरा था। इसके बाद नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने आपत्ति दर्ज करते हुए हेलिपैड के उपयोग पर रोक लगा दी।

### डीएलएड प्रशिक्षुओं ने शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर समस्याएं रखी

उत्तरकाशी। देहरादून में यमुना कॉलोनी स्थित आवास पर शिक्षा एवं स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत से डीएलएड बैच 2021झ22 के प्रशिक्षुओं ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रशिक्षुओं ने आगामी प्राथमिक शिक्षक भर्ती 2026 को लेकर अपनी मांगें उनके सामने रखीं। प्रशिक्षुओं ने बताया कि उन्होंने डीएलएड प्रशिक्षण पूरा कर लिया है और अब प्राथमिक शिक्षक भर्ती का इंतजार कर रहे हैं। इस पर शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने प्रशिक्षुओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि सरकार प्राथमिक शिक्षक भर्ती को लेकर गंभीर है और विभागीय स्तर पर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि अप्रैल माह के पहले सप्ताह से भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी की जा रही है, जिससे प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकें। शिक्षा मंत्री से मुलाकात के बाद गौरव कुकरेती ने बताया कि इस बैठक में राज्य के 13 जिलों से आए डीएलएड प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।


**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आईडेन्टीटी संख्या : U40109UP2001SG025867/2358
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा

**निविदा सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा के अन्तर्गत निम्न वर्णित कार्यों के निष्पादन हेतु अनुभवी, उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रदत्त विद्युत ठेकेदारी 'ए' श्रेणी लाईसेन्स प्राप्त (आयकर, जी०एस०टी० व ई०पी०एफ० व ई०एस०आई० में पंजीकृत) ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदाएं दो भागों में (प्रथम भाग में धरोहर धनराशि तथा द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 6 माह के लिए वैध हो) दिनांक 23.03.2026 को 14.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है जो कि उसी दिन 15.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में विद्युत वितरण खण्ड-नैनीडांडा के कार्यालय से दिनांक 23.03.2026 को 11.00 बजे तक प्रति निविदा के नकद भुगतान करके प्राप्त किए जा सकते हैं। धरोहर धनराशि किसी भी बैंक/डाकघर की एफडीआर/सीडीआर/राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड- नैनीडांडा के पक्ष में बंधक होनी चाहिए। बिना धरोहर धनराशि के निविदा भाग दो नहीं खोली जायेगी। यदि निविदा खुलने के दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहता है तो अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता को यह अधिकार है कि वह बिना कारण बताए समस्त अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते हैं।

| निविदा संख्या | निविदा प्रपत्र क्रय राशि (जीएसटी सहित) | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू0) |
|---|---|---|---|
| 11/2025-26 | रू0 118/- | वि०वि० उपखण्ड- स्यूँसी के अन्तर्गत चौबट्टाखाल विधानसभा के ग्राम- नौगांव में 11KV लाइन शिफ्ट किये जाने का कार्य। | 5000.00 |
| 12/2025-26 | रू0 295/- | वि०वि० उपखण्ड - स्यूँसी के अन्तर्गत विकासखण्ड- नैनीडांडा में राजकीय महाविद्यालय मटोटिया के मैदान के ऊपर से गुजर रही 11KV लाइन शिफ्ट किये जाने का कार्य। | 8000.00 |
| 13/2025-26 | रू0 118/- | वि०वि० उपखण्ड- स्यूँसी के अन्तर्गत विकासखण्ड- नैनीडांडा के ग्राम- देवलधर में गुजर रही 11 के०वी० लाइन एवं 25KVA T/F शिफ्ट किये जाने का कार्य। | 5000.00 |
| 14/2025-26 | रू0 295/- | वि०वि० उपखण्ड- स्यूँसी के अन्तर्गत धुमाकोट पम्पिंग स्टेशन में T/F शिफ्ट करने एवं 11 के०वी० लाइन निर्माण का कार्य। | 6000.00 |

पत्रांक : 1270/वि०वि०ख०(नै०)/उपाकालि०/टी-6
दिनांक : 07.03.2026

अधिशासी अभियन्ता,
विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा

विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें
"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)

## संक्षिप्त समाचार

### मारपीट मामले में पुलिस ने एक युवक को किया गिरफ्तार

चमोली। मारपीट, गाली गलौज और जान से मारने की धमकी के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। साथ ही उसके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। शुक्रवार को किशन सिंह निवासी रडुवा पोखरी ने गोपेश्वर थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उसके साथ ध्रुव व अन्य करीब 15–20 युवकों ने कॉलेज गेट के पास मारपीट की और गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। इसी दौरान ध्रुव फर्स्वाण निवासी दुर्मी ने भी किशन पर मारपीट व धमकी देने की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने इस पर भी मुकदमा दर्ज किया। इसी विवाद के दौरान दूसरे पक्ष ने किशन पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाते हुए फिर मारपीट कर दी। गोपेश्वर थाना पुलिस ने तुरंत मारपीट करने वाले आरोपी जय सिंह निवासी नैग्वाड़ को गिरफ्तार कर लिया है। गोपेश्वर कोतवाली निरीक्षक नरेश राठौड़ ने बताया कि मामले में शामिल अन्य युवकों की पहचान और तलाश की जा रही है। माहौल बिगाड़ने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

### बिजली बिलों के बकायेदारों पर निगम ने शुरू की सख्ती

चमोली। विद्युत वितरण खंड पोखरी ने बिजली बिलों के बकायेदारों पर सख्ती अपनानी शुरू कर दी है। ऊर्जा निगम के अवर अभियंता ने बकायेदारों से जल्द से जल्द बकाया राशि जमा करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि 10 मार्च तक बकाया बिल जमा नहीं होता है तो विद्युत कनेक्शन काट दिया जाएगा। ऊर्जा निगम ने पोखरी में बिजली के बकायेदारों के खिलाफ विशेष वसूली अभियान शुरू कर दिया है। शनिवार को निगम के अवर अभियंता धीरेंद्र भंडारी के नेतृत्व में निगम के कर्मचारियों की टीम बकायेदारों के पास पहुंची। लंबे समय से बिजली के बिल जमा न करने वालों को शीघ्र बिल जमा करने के निर्देश दिए। अवर अभियंता ने बताया कि कई उपभोक्ताओं ने लंबे समय से बिल जमा नहीं किए हैं। इससे निगम को राजस्व की हानि हो रही है। कई बार नोटिस देने के बाद भी वे भुगतान नहीं कर रहे हैं। उन्होंने सभी को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि 10 मार्च तक हर हाल में बकाया बिलों को जमा करवा लें, अन्यथा उनके विद्युत कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही बकाया वसूली के लिए राजस्व वसूली प्रमाण पत्र (आरसी) जारी की जाएगी।

### गोपेश्वर के स्मित बने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट

चमोली। भारतीय सेना में गोपेश्वर निवासी स्मित बिष्ट लेफ्टिनेंट बन गए हैं। स्मित ने भारतीय सेना में टेक्निकल एंट्री शॉर्ट सर्विस कमीशन में सफलता हासिल की। शनिवार को आयोजित पासिंग आउट परेड में उनके कंधों पर सितारे सजाए गए। गोपेश्वर निवासी स्मिथ बिष्ट ने हाईस्कूल की परीक्षा केंद्रीय विद्यालय गोपेश्वर से पास की। इंटर एसजीआरआर गोपेश्वर से करने के बाद ग्राफिक एरा विश्वविद्यालय देहरादून से कंप्यूटर साइंस से बीटेक किया। बीटेक के बाद स्मित बिष्ट ने भारतीय सेना में टेक्निकल एंट्री शॉर्ट सर्विस कमीशन में सफलता हासिल की। शनिवार को बिहार के गया में स्थित आफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी में 28वीं पासिंग आउट परेड में उनके पिता राबाइंका गोपेश्वर के प्रधानाचार्य ललित मोहन बिष्ट और माता प्राथमिक विद्यालय लासी में शिक्षिका जया बिष्ट ने उनके कंधों पर सितारे सजाए। स्मित को सेना की 1 गोरखा रेजिमेंट में लेफ्टिनेंट के पद पर पठानकोट में तैनाती मिली है।

### फिर एसडीएम विहीन हुई पोखरी तहसील

चमोली। कुछ माह पहले पोखरी में आए एसडीएम का तबादला कर दिया गया है। पोखरी तहसील फिर एसडीएम विहीन हो गई है। कई सालों से तहसील में अधिकांश समय प्रभारी एसडीएम के भरोसे काम चल रहा है। इस संबंध में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि प्रशासन पर पोखरी की उपेक्षा का आरोप लगा रहे हैं। पोखरी क्षेत्र वीआईपी का गढ़ है। भाजपा के वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट, वर्तमान विधायक लखपत बुटोला और पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र भंडारी का यह गृह क्षेत्र है लेकिन यहां लंबे समय से स्थायी रूप से एसडीएम की तैनाती नहीं हो पाई है। काफी समय तहसील खाली रहने के बाद कुछ माह पहले अबरार अहमद को पोखरी का एसडीएम बनाया गया लेकिन जिलाधिकारी ने उनका तबादला गैरसैंण कर दिया है। अब फिर पोखरी तहसील का प्रभार कर्णप्रयाग एसडीएम के पास आ गया है। तहसीलदार का पद भी रिक्त चल रहा है, नायब तहसीलदार के पास तहसीलदार का चार्ज है।

# भारतीय न्याय संहिता जैसे नए कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन में उत्तराखंड देश में पहले स्थान पर

देहरादून। भारत की न्यायिक और कानून प्रवर्तन प्रणाली के आधुनिकीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर स्थापित करते हुए, उत्तराखंड ने इंटर–ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम 2.0 के राष्ट्रीय कार्यान्वयन में देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जनवरी 2026 तक के आंकड़ों के अनुसार, यह गौरवपूर्ण उपलब्धि केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के दूरदर्शी मार्गदर्शन और तकनीक–आधारित न्याय प्रणाली के उनके संकल्प का प्रतिफल है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (ठउफइ) के नवीनतम उउळठर/कछखर प्रोग्रेस डैशबोर्ड के अनुसार, उत्तराखंड ने 93.46 के उत्कृष्ट स्कोर के साथ राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। राष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष पांच राज्यों का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा है, जिसमें उत्तराखंड 93.46 के स्कोर के साथ पहले स्थान पर है, जिसके बाद हरियाणा 93.41 के स्कोर के साथ दूसरे, असम 93.16 के स्कोर के साथ तीसरे, सिक्किम 91.82 के स्कोर के साथ चौथे और मध्य प्रदेश 90.55 के स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर काबिज है।

मुख्यमंत्री धामी का 'मिशन–मोड' क्रियान्वयनः उत्तराखंड की यह सफलता मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व और निरंतर निगरानी का परिणाम है। नए कानूनों–भारतीय न्याय संहिता (इठर), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (इठरर) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (इरअ)–को धरातल पर उतारने के लिए मुख्यमंत्री ने स्वयं कमान संभाली। मुख्यमंत्री धामी ने शासन के शीर्ष अधिकारियों से लेकर जनपद स्तर के फील्ड अधिकारियों के साथ निरंतर समीक्षा बैठकें कीं। इस 'टॉप–टू–बॉटम' मॉनिटरिंग के कारण ही तकनीकी बाधाओं को समय रहते दूर किया जा सका और पुलिस विभाग नए कानूनी ढांचे के अनुरूप स्वयं को ढालने में सफल रहा। "वन डेटा, वन एंट्री" की कार्यकुशलताः उत्तराखंड की इस उपलब्धि का आधार कछखर 2.0 की "वन डेटा, वन एंट्री" प्रणाली है। इसके तहत पुलिस , ई–कोर्ट, ई–जेल, ई–अभियोजन और ई–फॉरेंसिक के बीच डेटा का निर्बाध प्रवाह सुनिश्चित किया गया है। एक बार डेटा दर्ज होने के बाद वह सभी संबंधित विभागों को तुरंत उपलब्ध हो जाता है, जिससे कागजी कार्रवाई कम हुई है और मुकदमों के निस्तारण में तेजी आई है। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए 'ई–साक्ष्य' ऐप के माध्यम से अपराध स्थल की वीडियोग्राफी और डिजिटल साक्ष्यों का सुरक्षित संग्रहण अनिवार्य किया गया है।

प्रमुख सफलता के बिंदु

व्यापक प्रशिक्षणः प्रदेश के 23,000 से अधिक पुलिस कर्मियों को नए कानूनों की बारीकियों का गहन प्रशिक्षण दिया गया।

तकनीकी सुदृढ़ीकरणः 'न्याय श्रुति' के माध्यम से वर्चुअल अदालती सुनवाई और फॉरेंसिक मोबाइल वैन की उपलब्धता को प्राथमिकता दी गई।

उत्तराखंड पुलिस के प्रवक्ता और पुलिस महानिरीक्षक (अपराध एवं कानून व्यवस्था) श्री सुनील कुमार मीणा ने इस रैंकिंग की पुष्टि करते हुए कहा कि राज्य ने तकनीकी बुनियादी ढांचे को लागू करने के साथ–साथ रीयल–टाइम डेटा एंट्री में भी रिकॉर्ड स्थापित किया है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने भी उच्च स्तरीय बैठकों में उत्तराखंड की इस "वन डेटा, वन एंट्री" कुशलता की विशेष रूप से सराहना की है। इस समन्वय और प्रतिबद्धता के साथ उत्तराखंड आज देश के लिए "स्मार्ट पुलिसिंग" का आदर्श मॉडल बनकर उभरा है।

### माह के पहले और तीसरे मंगलवार को होगा तहसील दिवस

रुद्रप्रयाग। आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए जिले की सभी तहसीलों में हर माह के पहले और तीसरे मंगलवार को तहसील दिवस आयोजित किया जाएगा। जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने मार्च से मई तक होने वाले तहसील दिवस का रोस्टर जारी कर दिया है। रोस्टर के अनुसार 10 मार्च को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील ऊखीमठ में तहसील दिवस आयोजित होगा, जबकि 17 मार्च को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में तहसील बसुकेदार में कार्यक्रम होगा। 7 अप्रैल को अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में रुद्रप्रयाग और 21 अप्रैल को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जखोली में तहसील दिवस आयोजित किया जाएगा। इसी तरह 5 मई को ऊखीमठ में मुख्य विकास अधिकारी तथा 19 मई को बसुकेदार में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील दिवस आयोजित होगा।

# खेड़धार में 15 दिन से पानी ठप, खाली बर्तन लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचीं महिलाएं

### – डीएम को ज्ञापन सौंप नियमित जलापूर्ति की मांग की

रुद्रप्रयाग। जिला मुख्यालय के समीप खेड़धार क्षेत्र में पिछले करीब 15 दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। इसके विरोध में स्थानीय महिलाएं खाली बर्तन लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचीं और जिलाधिकारी विशाल मिश्रा को ज्ञापन देकर नियमित जलापूर्ति की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि पानी न आने के कारण उन्हें करीब एक किलोमीटर दूर से पानी ढोकर लाना पड़ रहा है। कई बार जल संस्थान से शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। कभी–कभार भेजे जाने वाले टैंकर से भी लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कलेक्ट्रेट, विकास भवन और अन्य सरकारी भवन बनने के समय क्षेत्र में नियमित पेयजल आपूर्ति का आश्वासन दिया गया था, लेकिन आज भी लोग पानी के लिए परेशान हैं। कहा कि खेड़धार क्षेत्र जिला कार्यालय के सबसे नजदीक और महत्वपूर्ण क्षेत्रों में शामिल है, जहां जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी समेत अन्य उच्च अधिकारी और कर्मचारी निवास करते हैं। इसके बावजूद स्थानीय लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंच रहा, जबकि सरकारी कार्यालयों और अधिकारियों के आवासों में प्रतिदिन पानी की आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र समस्या का समाधान कराने की मांग की। इस दौरान संदीप, अंशी देवी, प्रियंका देवी, मोनिका देवी, ममता देवी, कृष्णा देवी, विनीता देवी सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।

# आपदा प्रभावितों ने विभिन्न मांगों के लिए तहसील में दिया धरना



चमोली)। भू–धंसाव के तीन साल बाद भी प्रभावितों की मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होने पर शनिवार को जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति की ओर से तहसील में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि उनकी आठ सूत्री मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं होती है तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। शनिवार को तहसील परिसर में आयोजित सांकेतिक धरने में आपदा प्रभावितों ने विभिन्न मांगों पर तुरंत कार्रवाई की मांग की। संघर्ष समिति के संयोजक अतुल सती ने कहा कि नगर में आई आपदा को तीन साल बीत गए, लेकिन प्रभावितों की मांगों पर सरकार कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पाई है। आपदा के दौरान मुख्यमंत्री ने समिति की सभी मांगों पर सहमति व्यक्त की थी। उसके बाद केंद्र सरकार ने 1640 करोड़ रुपये स्वीकृत किए लेकिन अभी तक मांगों पर जमीनी स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। कहा कि यदि 15 दिन के भीतर सरकार कोई ठोस कार्रवाई नहीं करती है तो बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा। उनकी मुख्य मांगों में आपदा से हुए व्यावसायिक नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजा निर्धारित किया जाए, पुनर्वास की प्रक्रिया तेज की जाए, प्रभावितों की भूमि, व्यावसायिक भवनों, राजीव गांधी–प्रधानमंत्री आवास और पारंपरिक भवनों का मूल्य निर्धारित किया जाए।

### ज्योतिर्मठ की गार्गी बनीं वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर

चमोली। नगर की बेटी गार्गी उनियाल ने भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर बनकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शनिवार को बंगलूरू स्थित एयर फोर्स टेक्निकल कॉलेज में आयोजित पासिंग आउट परेड के बाद वह आधिकारिक रूप से भारतीय वायु सेना का हिस्सा बन गईं। इस गौरवपूर्ण क्षण के दौरान उनके पिता दिनेश उनियाल और माता पूनम उनियाल भी मौजूद रहे। सीमांत क्षेत्र की बेटी की इस उपलब्धि से स्थानीय लोगों में खुशी की लहर है। गार्गी ने अपनी दसवीं और 12वीं की पढ़ाई केंद्रीय विद्यालय ज्योतिर्मठ से पूरी की, इसके बाद घुड़दौड़ी इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटेक किया।

आगे चलकर उन्होंने एयर फोर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट में सफलता हासिल की। करीब एक वर्ष के कठिन प्रशिक्षण के बाद गार्गी भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर बनी हैं।

# जिला अस्पताल में एक साल में हुए 418 सफल बड़े ऑपरेशन



चमोली। जिला अस्पताल गोपेश्वर में अब कई बड़े ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए जा रहे हैं। आधुनिक उपकरणों और विशेषज्ञ चिकित्सकों का मरीजों को काफी लाभ मिल रहा है। एक साल की अवधि में यहां 418 बड़े ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए जा चुके हैं। पहले जिन ऑपरेशनों के लिए लोगों को बाहर की दौड़ लगानी पड़ती थी अब वे जिला अस्पताल गोपेश्वर में ही सफलता पूर्वक किए जा रहे हैं। पित्त की थैली में पथरी होने पर दूरबीन विधि से ऑपरेशन किए जा रहे हैं। अपेंडिक्स, हार्निया, हाईड्रोसील, सिस्ट व बच्चेदानी संबंधी सर्जरी भी यहां सफलतापूर्वक की जा रही हैं। इसके अलावा ट्रामा सर्जरी, घुटना प्रत्यारोपण, कूल्हा प्रत्यारोपण, कान के पर्दे का ऑपरेशन, बच्चों की सर्जरी, दंत सर्जरी और आंखों में मोतियाबिंद के ऑपरेशन सहित अन्य ऑपरेशन किए जा रहे हैं। जिला अस्पताल में अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 तक 418 मेजर ऑपरेशन और 214 माइनर ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए जा चुके हैं। प्रभारी प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पवन पाल ने बताया कि अस्पताल में ऑपरेशन सहित उपचार की बेहतर व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं। मरीजों के ऑपरेशन से पहले सभी जांचें की जाती हैं। ऑपरेशन के बाद चिकित्सकों की निगरानी में समुचित देखभाल सुनिश्चित की जाती है।

# महिलाओं ने पुराने कूड़ा डंपिंग जोन में किया विरोध प्रदर्शन



चमोली। बदरीनाथ हाईवे के किनारे बने नगर पालिका के पुराने कूड़ा डंपिंग जोन में अभी भी कूड़ा फेंके जाने पर स्थानीय महिलाओं ने विरोध जताया है। उन्होंने नगर पालिका के विरोध में प्रदर्शन कर यहां एकत्रित कूड़े को हटाने की मांग की है। कहा कि कूड़ा जमा होने से नगर में दुर्गंध फैल रही है। नगर पालिका की ओर से नगर के प्रवेश द्वार पर कूड़े डंपिंग जोन बनाया गया था। अब पालिका की ओर से नया कूड़ा निस्तारण केंद्र बनाया गया है लेकिन पुराने डंपिंग जोन में अभी भी कूड़ा पड़ा हुआ है। शनिवार को सिंहधार की महिलाओं ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए यहां के कूड़े की सफाई की मांग उठाई। स्थानीय महिला नंदी देवी और कमला देवी ने कहा कि लंबे समय से यहां कूड़ा डाला जाता रहा है इससे पूरे क्षेत्र में गंदगी फैली रहती है। जंगल तक कूड़ा फैल गया है व दुर्गंध के चलते महिलाएं चारा पत्ती लेने भी नहीं जा पाती हैं। यहां से कूड़े को तुरंत हटाया जाए। मौके पर पहुंचे नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सुनील पुरोहित ने कहा कि पालिका का नया डंपिंग जोन बनकर तैयार हो गया है अब कूड़े का निस्तारण वहीं किया जा रहा है। पुराने स्थान से कूड़ा हटाने का कार्य चल रहा है जल्दी इसे पूरी तरह से हटा लिया जाएगा। इस दौरान चंपा देवी, पूजा बिष्ट, पूनम बिष्ट, कमला देवी, गीता देवी, किरण शाह सहित अन्य महिलाएं शामिल रही।

### नौ मार्च को विधानसभा घेराव करेंगे डुमक के ग्रामीण

चमोली। सैंजीलग्गा–मैकोट–बेमरू–डुमक–कलगोठ सड़क के अवशेष निर्माण कार्य को जल्द शुरू कराने की मांग को लेकर डुमक गांव के ग्रामीणों ने 9 मार्च को गैरसैंण विधानसभा घेराव करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में डुमक विकास संघर्ष समिति की ओर से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा गया है। समिति का कहना है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत स्वीकृत इस सड़क का शेष निर्माण कार्य लंबे समय से रुका हुआ है। इसे लेकर कई बार शासन–प्रशासन को पत्र भेजे गए और ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल देहरादून में मुख्यमंत्री से भी मिल चुका है, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। ग्रामीणों के अनुसार यह सड़क चमोली जिले के दूरस्थ क्षेत्र डुमक और आसपास के गांवों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि सड़क के अभाव में लोगों को स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। डुमक विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष राजेंद्र भंडारी ने चेतावनी दी कि यदि सड़क के अवशेष निर्माण और स्वीकृत धनराशि के पुनः आवंटन को लेकर जल्द ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो 9 मार्च को ग्रामीण गैरसैंण में विधानसभा का घेराव करेंगे।

# आईआईएमटी मेरठ, कोटद्वार, गढ़वाल ने जीते मैच

नई टिहरी। बौराड़ी स्टेडियम में जनरल केएम करिअप्पा फुटबाल टूर्नामेंट के दूसरे दिन पांच टीमों के बीच मुकाबला खेला गया। टूर्नामेंट का पहला मैच आईआईएमटी मेरठ, दूसरा मैच कोटद्वार, तीसरा 16 गढ़वाल राइफल्स, चौथा 7 गढ़वाल राइफल्स तथा पांचवां और अंतिम मैच 13 गढ़वाल ने जीतकर अगले राउंड में प्रवेश किया।

टिहरी झील महोत्सव के तहत बौराड़ी स्टेडियम में फुटबाल टूर्नामेंट का पहला मुकाबला दिल्ली पुलिस और आईआईएमटी मेरठ की टीम के बीच खेला गया, जिसमें मेरठ की टीम ने 5–3 से जीत दर्ज की। दूसरा मैच कोटद्वार और चंडीगढ की टीमों की बीच खेला गया जिसमें कोटद्वार की टीम ने चंडीगढ़ की टीम को 1–शून्य हराया। तीसरा मैच 16 गढ़वाल राइफल्स और सम्राट क्लब टिहरी के बीच खेला गया,जिसमें 16 गढ़वाल राइफल्स ने 3–2 से हराकर जीत दर्ज की। चौथा मैच 7 गढ़वाल राइफल्स दून बेरियर के बीच खेला गया, जिसमें 7 गढ़वाल राइफल्स ने 5–4 से जीत हासिल की।

टूर्नामेंट का पांचवां मैच 13 गढ़वाल राइफल्स और ओल्ड स्टार के बीच हुआ,जिसमें 13 गढ़वाल ने 3–1 से ओल्ड स्टार को हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। टूर्नामेंट से जुड़े दर्शन गुसाईं ने बताया कि रविवार को टूर्नामेंट के चार मैच खेले जाएंगे। इससे पूर्व टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय, जिला पंचायत अध्यक्ष इशिता सजवाण, पालिका अध्यक्ष मोहन सिंह रावत, डीडीओ मो़ असलम ने खिलाड़ियों से परिचय लेते हुए टूर्नामेंट का शुभारंभ किया।

# आपदा से निपटने की तैयारी तेजः बागेश्वर में 17 मार्च को होगी व्यापक मॉक ड्रिल



बागेश्वर। जनपद में संभावित प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से 17 मार्च 2026 को जिला स्तर पर व्यापक आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के समन्वय से होने वाला यह अभ्यास विभिन्न विभागों की त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता तथा आपसी समन्वय को परखने का महत्वपूर्ण अवसर बनेगा। मॉक ड्रिल की तैयारियों को लेकर अपर जिलाधिकारी एन. एस. नबियाल की अध्यक्षता में जिला सभागार कक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सभी विभागों को उनके दायित्व स्पष्ट करते हुए निर्देश दिए गए कि अभ्यास के दौरान परस्पर समन्वय और तत्परता के साथ कार्य किया जाए,

### निविदा पूर्व किए गए काम की होगी जांच, चार सदस्यीय कमेटी बनाई

चमोली। पालिका के सुभाषनगर वार्ड के राड़खी में निविदा से पूर्व विकास कार्य शुरू किए जाने के मामले में पालिका ने आंतरिक जांच शुरू कर दी है। इसके लिए चार सदस्यीय जांच कमेटी गठित करते हुए जल्द जांच रिपोर्ट तैयार करने के कहा गयाहै। अब पालिका सभी 36 निविदाओं की जांच करने की बात कह रही है।पालिका प्रशासन की ओर से बीते माह नगर के विभिन्न वार्डों में 36 विकास कार्यों की निविदा जारी की गई। इनके लिए निविदा बीते शुक्रवार को डाली गई। इस दौरान शिकायत मिलने पर पालिकाध्यक्ष, ईओ ने सुभाषनगर के राड़खी में किए निरीक्षण में पाया कि विकास योजना की निविदा खुलने से पहले ही योजना पर ठेकेदार की ओर से 60 प्रतिशत कार्य कर दिया गया है। मामला खुलने पर पालिकाध्यक्ष ने जांच की बात कही। इस पर अधिशासी अधिकारी ने चार सदस्यीय जांच समिति गठित कर दी है।

# कार से तस्करी कर ले जा रहे थे गांजा, 2 गिरफ्तार



अल्मोड़ा। भतरौजखान पुलिस ने सघन चेकिंग के दौरान कार से 10.25 किलो अवैध गांजा बरामद कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। बरामद गांजे की कीमत लगभग 2.56 लाख रुपये आंकी गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के के निर्देश पर जनपद में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार अपर पुलिस अधीक्षक हरबंस सिंह के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी रानीखेत विमल प्रसाद के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष भतरौजखान अवनीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान 6 मार्च को भिकियासैंण चौकी तिराहे पर एस–क्रॉस मारुति कार संख्या यूके07 डीजी 6485 को रोककर जांच की गई। जांच के दौरान कार में सवार बिल्ला सिंह उर्फ बिल्लू (33) पुत्र बचन सिंह और सतीश कुमार (28) पुत्र प्रेम सिंह, निवासी मिलक नौखरीद थाना स्वार जनपद रामपुर (उत्तर प्रदेश) के कब्जे से कुल 10.25 किलो अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर थाना भतरौजखान में एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8/20/60 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# रसोई गैस के बढ़ते दामों के विरोध में कांग्रेस ने फूंका केंद्र सरकार का पुतला



अल्मोड़ा। रसोई गैस के बढ़ते दामों के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी अल्मोड़ा के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर पुतला दहन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए महंगाई के मुद्दे पर सरकार के खिलाफ रोष व्यक्त किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण आम आदमी की रसोई का बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। घरेलू गैस सिलेंडर के दाम लगातार बढ़ने से गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार महंगाई पर नियंत्रण पाने में पूरी तरह विफल रही है और इसका सीधा असर आम जनता के जीवन पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि एक ओर जनता महंगाई से परेशान है, वहीं केंद्र सरकार बड़े उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने में लगी हुई है। कांग्रेस आम जनता के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगी। यदि गैस के दामों में बढ़ोतरी वापस नहीं ली गई तो पार्टी को सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। प्रदर्शन में नगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, महिला जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष संजू सिंह, जिला उपाध्यक्ष विनोद वैष्णव, नारायण दत्त पांडेय, आनंद सिंह बगड़वाल, तारा चंद्र साह, दीप डांगी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख रमेश भाकुनी, गोपाल भगत, कार्तिक साह, देव सिंह चौहान सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नैनबाग बाजार में बढ़ती जा रही है जाम की समस्या

नई टिहरी। जौनपुर के मुख्य बाजार नैनबाग में पार्किंग की सुविधा नहीं होने से अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बाजार में दिल्ली– यमुनोत्री हाईवेऔर पंतवाड़ी–श्रीकोट मोटर मार्ग पर व्यापारी और स्थानीय लोग अपने वाहन खड़े कर देते हैं जबकि कई व्यापारियों द्वारा दुकान का सामान सड़क पर लगाने से भी समस्या बढ़ती जा रही है। परेशान लोगों ने व्यवस्था में सुधार की मांग की है। नैनबाग बाजार में व्यापारियों और स्थानीय लोगों की मनमानी के चलते जाम की समस्या बढ़ती जा रही है। यहां ट्रैफिक पुलिस नहीं होने के कारण सड़क के दोनों ओर वाहन खड़े करने के साथ ही सामान रखने से संकरी होती जा रही है। पूर्व प्रधान गंभीर सिंह रावत का कहना है, कि अधिकतर व्यापारी अपने वाहन सड़क किनारे आड़े–तिरछे खड़े कर देते हैं जबकि कई व्यापारी दुकान का सामान लगाकर सड़क घेर लेते हैं। वर्कशॉप वालों के कारण भी समस्या बढ़ रही है। बाजार में हर समय जाम की स्थिति बनी रहने से बाहर से आने वाले यात्री यहां बाजार में नहीं रुक पाते हैं जिसका असर व्यापार पर भी पड़ता है। इस लापरवाही का खामियाजा सबसे अधिक होटल व्यवसाय और होम–स्टे संचालकों को भुगतना पड़ता है। कैंपटी थानाध्यक्ष योगेंद्र गुसाईं ने कहा कि जल्द ही पुलिस कर्मियों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com